नेतरहाट आवासीय विद्यालय
नेतरहाट विद्यालय समिति

(झारखंड सरकार–स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग)

सूचना सं.–172 दिनांक :05.05.2016

आवश्यक सूचना

वर्त्तमान शैक्षणिक सत्र–2016–17 से नेतरहाट आवासीय विद्यालय में 9वीं से 12वीं कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के लिए **IIT एवं अन्य प्रतिष्ठित तकनिकी संस्थानों** की प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी हेतु विद्यालय परिसर में निःशुल्क विशेष कोचिंग की व्यवस्था किये जाने का प्रस्ताव है।

तद्नुसार, विगत दिनों विज्ञापन प्रकाशित कर **'इच्छा की अभिव्यक्ति'** के माध्यम से प्रतिष्ठित संस्थानों से आवेदन आमंत्रित किये गये थे। कुछ स्तरीय संस्थानों द्वारा इस कार्य हेतु रूचि दिखाई गई है।

कोचिंग की सुविधा की पात्रता हेतु छात्रों के चयन के लिए नेतरहाट विद्यालय के शैक्षणिक सत्र–2015–16 में दसवीं (Matric) की परीक्षा दे चुके समस्त छात्रों तथा अन्य कक्षाओं के छात्रों को सूचित किया जाता है कि इच्छुक छात्रों के **Aptitude Test** दिनांक–**14.05.2016** (शनिवार) (**11.00 बजे पूर्वा.**) को तथा अन्य कक्षाओं के छात्रों के **Aptitude Test** दिनांक–**15.05.2016** (रविवार) (**11.00 बजे पूर्वा.**) को नेतरहाट विद्यालय परिसर में आयोजित किये गये हैं। Aptitude Test में सफल छात्रों की कोचिंग पर होने वाले पूरे व्यय का वहन नेतरहाट विद्यालय समिति द्वारा राज्य सरकार से प्राप्त सहायता अनुदान राशि से किया जायेगा।

अतएव, एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि सभी इच्छुक छात्र निर्धारित स्थान, तिथि एवं समय पर विद्यालय परिसर में उपस्थित होकर अपने शैक्षणिक उन्नयन हेतु लाभ लें।

ह०/–

प्राचार्य,
नेतरहाट आवासीय विद्यालय,
–सह–सदस्य सचिव
नेतरहाट विद्यालय समिति।